

# पदभार ग्रहण करते ही एक्शन में दिखे नवागत कलेक्टर

## सीधी जिले के नवागत कलेक्टर विकास मिश्रा ने आज पदभार ग्रहण कर अधिकारियों से चर्चा करने के अलावा कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित विभिन्न शाखाओं का किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 25 मार्च। सीधी जिले के नवागत कलेक्टर विकास मिश्रा ने आज पदभार ग्रहण कर अधिकारियों से चर्चा करने के अलावा कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। पदभार ग्रहण करते ही नवागत कलेक्टर एक्शन में दिखे।**


जिले में नवागत कलेक्टर विकास मिश्रा ने बुधवार को विधिवत रूप से अपना पदभार ग्रहण किया। श्री मिश्रा 2013 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। पदभार ग्रहण करने के उपरांत कलेक्टर ने अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया तथा विभिन्न विभागों के कार्यों की प्राथमिक जानकारी ली। उन्होंने जिले की प्रशासनिक स्थिति, चल रही योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की। इस अवसर पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने स्पष्ट किया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी और पारदर्शी क्रियान्वयन उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

नवागत कलेक्टर विकास मिश्रा ने पदभार ग्रहण करने के पश्चात कलेक्ट्रेट कार्यालय के विभिन्न कार्यालयों एवं शाखाओं का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्यालयीन कार्यप्रणाली को व्यवस्थित, पारदर्शी एवं जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने विशेष रूप से परिसर की साफ-सफाई एवं स्वच्छता पर ध्यान देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कार्यालयों में फैले बिजली के तारों को व्यवस्थित करने के निर्देश देते हुए सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही उन्होंने अभिलेखों (रिकॉर्ड) के सुव्यवस्थित संधारण एवं रख-रखाव पर जोर देते हुए कहा कि सभी दस्तावेज अद्यतन एवं आसानी से उपलब्ध होने चाहिए, जिससे कार्यों के निष्पादन में गति आए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने कक्षों में नेम प्लेट एवं पहचान पत्र (आईडी) अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करें, ताकि आम नागरिकों को संबंधित अधिकारी की पहचान में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान एडीएम बीपी पाण्डेय भी उपस्थित रहे।





### नवागत कलेक्टर में दिखी संवेदनशीलता की झलक



नवागत कलेक्टर विकास मिश्रा ने आज पदभार संभालने के पश्चात कलेक्ट्रेट में संचालित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण करने के लिये निकले। कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार के समीप उन्हें एक युवक खड़ा मिला। उससे चर्चा के पश्चात कलेक्टर ने युवक को वहां लगी टेबल तक स्वयं ले जाकर बैठाया। इससे कलेक्टर की संवेदनशीलता नजर आयी।

### आमजन की समस्याओं का निदान शीघ्रता से हो : मिश्रा

कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन की समस्याओं के निराकरण में संवेदनशीलता और तत्परता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना होना चाहिए।

### कर्मचारियों को हितग्राहियों की समस्या दूर करने का पढ़ाया पाठ

सीधी जिले के नवागत कलेक्टर विकास मिश्रा पदभार ग्रहण करने के बाद कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित खाद्य विभाग पहुंचे जहां उपस्थित हितग्राही की समस्या के समाधान हेतु विभागीय कर्मचारी को पाठ पढ़ाते हुए कहा कि बहुत हितग्राही अपनी समस्या स्पष्ट रूप से नही बता पाते और समस्या कैसे दूर होगी यह जानते तो उनकी समस्या समझ कर उनके समस्या के निदान का सही तरीके बता कर उसका शीघ्र निराकरण करने का सार्थक प्रयास करें।

### घरेलू गैस सिलेण्डर की उपलब्धता एवं स्वास्थ्य सेवा बड़ी चुनौती

नवागत कलेक्टर विकास मिश्रा के समक्ष घरेलू गैस सिलेण्डर की उपलब्धता एवं स्वास्थ्य सेवा बड़ी चुनौती रहेगी। कलेक्टर ने आज खाद्य विभाग की समीक्षा बैठक में साफतौर पर विभागीय अधिकारियों से कहा कि पीडीएस व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जायेगी। यह सुनिश्चित किया जाय कि जरूरतमंदों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया वितरण प्रणाली की सतत निगरानी करें। बैठक में घरेलू गैस आपूर्ति तथा पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की भी समीक्षा की गई।

# किसानों के साथ किया जा रहा छल, धोखा व डराना-धमकाना अपराधिक कृत्य : उमेश

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 25 मार्च। टोंको-रोंको-ठोको क्रांतिकारी मोर्चा के संयोजक उमेश तिवारी ने महान ट्रांसमिशन लिमिटेड द्वारा 400/220/132 के.वी. लाइनों के निर्माण में किसानों के साथ किये जा रहे छल, धोखे और डराने धमकाने को आपत्तिजनक एवं अपराधिक कृत्य कहा है।**



ज्ञात हो की महान ट्रांसमिशन कम्पनी वही कम्पनी है जो सिंगरौली जिले में लाखों पेड़ों की कटाई पुलिस के संगीनों के बल पर कर रही है जिसके वीभत्स चित्कार की गूंज सिंगरौली सहित पूरे देश में सुनाई दी है। श्री तिवारी ने बताया कि महान ट्रांसमिशन लिमिटेड द्वारा विद्युत लाइन का निर्माण कार्य किया जा रहा है जो सीधी जिले के कई ग्रामों से होकर जाएगी साथ ही विद्युत लाइन के निर्माण में जिले के बहुत से किसानों की जमीन प्रभावित हो रही है। कम्पनी भारत सरकार की गाइड लाइन दिनांक 14/6/2024 एवं मध्य प्रदेश सरकार की गाइड लाइन दिनांक 17/11/2025 के विपरीत कार्य करते हुए प्रभावित किसानों के साथ छल एवं धोखा किया जा रहा है। श्री तिवारी ने प्रभावित किसानों से अपील की है कि वह अपने सत्व की भूमि पर कम्पनी को टावर लाइन निर्माण की अनुमति तब तक ना दे जब तक भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार की गाइडलाइन के अनुरूप कम्पनी सार्वजनिक सूचना दो स्थानीय अखबार में प्रकाशित नहीं कराया जाता और संबंधी ग्राम पंचायत के सूचना पटल पर चस्पा नहीं किया जाता, प्रभावित भूमि का खसरा नंबर एवं रखवा का नोटिफिकेशन कलेक्टर द्वारा नहीं कर दिया जाता, कलेक्टर द्वारा मुआवजा तय नहीं कर दिया जाता, मुआवजा भूमि के बाजार मूल्य का 200 प्रतिशत दर से नहीं दिया जाता तथा कम्पनी द्वारा प्रभावित किसान को मुआवजा एक मुश्त और अग्रिम नहीं कर दिया जाता।

श्री तिवारी ने कलेक्टर सीधी से आग्रह किया है कि कम्पनी द्वारा की जा रही मनमानी एवं अनियमितता पर वैधानिक कार्यवाही की जाए तथा कम्पनी को गाइडलाइन अनुसार कार्य करने को आदेशित किया जाए तथा किसानों को डराने धमकाने के कारण कम्पनी के कर्मचारियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण काम कराया जाए।

# भागवत कथा की अनुक्रमणिका अद्भुत फलदायी : पं .बाला व्यंकटेश

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 25 मार्च। शहर के शिवाजी नगर नौढ़िया सीधी में चल रही 19 मार्च से श्रीमद्भागवत कथा के पूर्णाहुति दिवस में कथा व्यास बाला व्यंकटेश महराज वृंदावनोपासक का भगतगणों ने 25 मार्च को माल्यार्पण के माध्यम से स्वागत और व्यास पीठ की पूजा-अर्चना प्रमुख यजवान भोला सिंह बघेल, समर बहादुर सिंह बघेल, विनोद प्रताप सिंह बघेल और प्रमोद सिंह बघेल ने सपरिवार किया।**



कथा व्यास बाला व्यंकटेश महराज जी ने उपस्थित भक्तों को सम्बोधित करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत की अनुक्रमणिका श्रवण का अद्भुत फल होता है जो भक्त लगातार 7 दिन की कथा नही सुन पाते वो यदि मनसा बाचा कर्मणा सूत्रानुसार अनुक्रमणिका का श्रवण कर लेते हैं उनको सात दिवसीय फल मिल जाता है। कृष्ण सुदामा चरित्र का मार्मिक कथानक प्रस्तुत करते हुए व्यास जी ने कहा कि जब सुदामा जी की पत्नी सुशीला ने तीन मुट्ठी चावल एक पुटकी में बांधकर मित्र कृष्ण जी के पास सुदामा जी को भेजा तब भगवान सारा मर्म समझ गये। जैसे ही सुदामा जी चावल की पोटली अपनी कांख में छिपाये हुए कृष्ण जी के पास गये, वैसे ही कृष्ण जी ने पूछ लिया मेरी भाभी ने क्या भेजा है मेरे लिए। सुदामा जी संकोच के कारण मौन रहे किन्तु त्रिकालदर्शी भगवान उनकी कॉख से पोटली खींचकर जैसे ही तीसरी मुट्ठी चावल खाने लगे तैसे ही रुक्मिणी जी ने कृष्ण का हाथ पकड़कर कहा- स्वामी ये क्या कर रहे हो, क्या तीनो लोक की सम्पति इनको देकर कंगाल बनना चाहते हो। तब भगवान श्रीकृष्ण ने कहा कि यह मेरे ऐसे समर्पित प्रेमी बाल सखा हैं इनको तीनों लोक का ऐश्वर्य दे दिया जाय तो भी मुझे लगेगा कि अभी अपने सखा को कुछ भी नही दिया। एक मजेदार कथानक देकर महराज जी ने बताया कि जब सुदामा जी महिमानी स्वागत सत्कार लेकर चलने लगे तब राज दरबार के कपड़े तक उनसे उतरवा लिए गये और पूरे शहर में मुनादी दिला दिये कि यह त्यागी महराज हैं कोई कुछ दान में देगा तो कंगाल हो जायेगा। सुदामा जी चलते चलते सोचे कि मित्र ने आव भाव और खातिरदारी तो बहुत किया किन्तु दिया कुछ नही। फिर मन ही मन सोचे कि हो सकता है कि हमारा मित्र धन पाकर धनलम्पट न हो जाय इसलिए उन्होने चलते समय कुछ न दिया होगा।

# मध्यप्रदेश शिक्षक संघ ने शहीद दिवस पर किया पूर्व सैनिकों का सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 25 मार्च। अमर शहीद राजगुरु, भगतसिंह और सुखदेव के उत्सर्ग दिवस 23 मार्च को म.प्र. शिक्षक संघ की जिला इकाई सीधी ने भूतपूर्व सैनिकों पुण्य प्रताप सिंह, करुणाशंकर द्विवेदी, इन्द्र बहादुर सिंह पटेल, अनिल कुमार, हरिहर मिश्र, अमरबहादुर सिंह, रामलला, विजय बहादुर सिंह एवं विनोद कुमार द्विवेदी को पुष्पहार पहनाकर शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके द्वारा मातृभूमि की सेवा में किए गए अमूल्य अवदान को याद किया गया।**



रानी लक्ष्मीबाई हाईस्कूल सीधी में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में अतिथि सैनिकों का स्वागत करते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय ने कहा कि मध्यप्रदेश शिक्षक संघ केवल अपने संघ के सदस्य शिक्षकों के प्रासंगिक लाभों भर की बात नहीं करता वरन राष्ट्रीय विचारधारा से अनुप्राणित होने के कारण राष्ट्र प्रथम के भाव को लेकर अपनी यात्रा पर अनवरत चल रहा है सो देश सेवा, समाज सेवा, प्रकृति पूजन, पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्रपोषी शिक्षा एवं विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण की भी चिंता करता है। संगठन के साहित्य प्रकोष्ठ के प्रांतीय प्रमुख एवं पूर्व जिलाध्यक्ष राजबहोर पाठक ने सभी अतिथि सैनिकों का अभिनंदन करते हुए अपना विचार साझा किया कि आप सबको समर्पित पुष्पहार, शाल और श्रीफल केवल स्थूल भौतिक सामग्री भर नहीं है यह कृतार्थता का वह आकाशीय भाव है जो देश और समाज आपके प्रति आदर से अपने अंतरूकरण में संजोए हुए है। जिला संगठन मंत्री शिवशंकर सिंह, जिला साहित्य प्रकोष्ठ के संयोजक कमलापति गौतम तथा अतिथि सैनिकों ने भी अपने विचार रखे। सम्पूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन संघ के जिला सचिव रामजी शुक्ल ने किया। उक्त अवसर पर निकिता सोनी, श्यामसुंदर तिवारी, वीरेंद्र सिंह, सुभाष द्विवेदी, राजेश सिंह, अनादि मिश्र, साधना मिश्रा एवं संकुल प्राचार्य खैरा, अनुज तिवारी सहित दो दर्जन शिक्षक साथियों की विशेष उपस्थिति उल्लेखनीय रही ।

# भाजपा की कार्य पद्धति और कार्यकर्ता पार्टी की आत्मा : नरेन्द्र

## भाजपा की मंडल स्तरीय कार्यशाला खड़ौरा में आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 25 मार्च। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं में निखार लाने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान अंतर्गत विभिन्न स्तरों पर भाजपा की कार्य पद्धति कार्यकर्ता को और बेहतर बनाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रही है। भाजपा की अलौकिक एवं दिव्य कार्य पद्धति के कारण ही आज भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना है।**



उक्त आशय के विचार भारतीय जनता पार्टी के जिला संगठन प्रभारी नरेंद्र त्रिपाठी ने खड़ौरा मंडल में आयोजित मंडल स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त की। कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान और धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम की विशिष्ट उपस्थिति में संपन्न हुई। दो दिवसीय प्रवास पर आए हुए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और जिला संगठन प्रभारी नरेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की कार्य पद्धति और कार्यकर्ता पार्टी की आत्मा है। हम सब जब पार्टी की जिम्मेदारी में आते हैं तो देश और समाज के लिए जिम्मेवारियां बढ़ जाती हैं। प्रशिक्षण वर्ग से कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व एवं कृतित्व में निखार आता है। भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश एवं केन्द्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत विभिन्न मंडलों में कार्यशालाएं आयोजित हो रही हैं। विभिन्न कार्यशालाओं में पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता लाभान्वित हो रहे हैं। जिले के सभी मंडलों में कार्यशाला का विधिवत आयोजन किया जा रहा है। भाजपा का इतिहास और विकास जिला महामंत्री अनिल पाण्डेय ने विस्तार से रखा। इस अवसर पर डॉ.देवेंद्र त्रिपाठी, अखिलेश पाण्डेय, लोरिक यादव, चंद्रपाल उइके, राम संजीवन कचेर सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मोहन सरकार में हो रहा प्रदेश का सर्वांगीण विकास : कुंवर

धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियां का लेखा-जोखा कार्यकर्ताओं के समक्ष रखते हुए कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार विकास और लोगों के जनकल्याण के लिए कृत संकल्पित है। प्रदेश की मोहन यादव की सरकार प्रदेशवासियों के लिए विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रम और योजनाएं चला रही हैं। कांग्रेस के शासनकाल मे प्रदेश की पहचान बीमारू और बंटाधार सरकार के रूप में हुआ करती थी किंतु भाजपा की सरकार आते ही आज प्रदेश विकसित प्रदेश की ओर अग्रसर है। सभी कार्यकर्ताओं को प्रदेश और केन्द्र सरकार की योजनाओं का अध्ययन करते हुए समाज के बीच रखना चाहिए।

## एक नजर में

### अफवाहों से रहे सतर्क, पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता



**सीधी।** म .प्र . शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग भोपाल के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट सभागार सीधी में अपर कलेक्टर बीपी पाण्डेय की अध्यक्षता में जिले के समस्त पेट्रोल पंप संचालकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति, उपलब्धता एवं खपत की गहन समीक्षा की गई। प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती प्रियल यादव ने बताया कि जिले में पेट्रोल एवं डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा आपूर्ति पूरी तरह से सुचारु रूप से जारी है। बैठक के दौरान सभी पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे ईंधन वितरण में पारदर्शिता बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अनावश्यक परेशानी से आमजन को बचाएं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में ईंधन की कोई कमी नहीं है और स्थिति पूर्णत: नियंत्रण में है। साथ ही नागरिकों से अपील की गई कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक घबराहट से बचें। जिला प्रशासन द्वारा आमजन को आश्वस्त किया गया है कि ईंधन की उपलब्धता बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है और आवश्यकतानुसार सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि जनजीवन प्रभावित न हो।


### साक्षी हायर सेकण्डरी में कक्षा-5वीं एवं 8वीं का शानदार परीक्षा परिणाम

**सेमरिया।** बढ़ौरा स्थित साक्षी हायर सेकेण्डरी स्कूल में कक्षा 8वीं एवं 5वीं का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कक्षा 8वीं में नित्या तिवारी ने 87 .8 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं मनीषा तिवारी ने 87 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा सागर विश्वकर्मा ने 85 .6 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 5वीं के परिणाम भी सराहनीय रहे। अंशुमान मिश्रा ने 89 प्रतिशत हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। रिया तिवारी और साजन साहू ने 83 .5 प्रतिशत के साथ संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रिया तिवारी ने 83 .2 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इस दौरान विद्यालय के संचालक संजय मिश्रा एवं प्राचार्य एस .एन .सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शिक्षकगणों में नीरज मिश्रा, एच .एल .यादव, सतीश शुक्ला, प्रवीण पटेल, नेहा सेन, संजीव तिवारी एवं जितेन्द्र सोनी का विशेष योगदान रहा। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया है।

# जवारा महोत्सव में पारंपरिक अनुष्ठानों के साथ महोत्सव शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 15 मार्च। जवारा महोत्सव के द्वितीय दिवस मंगलवार की शाम इन्द्रवती लोक कला ग्राम भमरहा में रामसुंदर साकेत के घर के समीप पारंपरिक अनुष्ठानों के साथ महोत्सव का शुभारंभ किया गया।**



महोत्सव के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति और उल्लास का वातावरण बना रहा। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ आयोजित इस कार्यक्रम ने ग्राम की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत कर दिया। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से अनुष्ठान में सहभागिता कर परंपराओं के संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर लोक कलाकारों की विशेष सहभागिता रही, जिन्होंने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। प्रमुख रूप से रामसुंदर साकेत, रामदास साकेत, राजबली साकेत, महाबली साकेत, सूर्यबली साकेत, प्रजीत कुमार साकेत, सूरज साकेत, परमेश्वर साकेत, बृजेश साकेत, संदीप साकेत, इंद्रजीत साकेत एवं बैजनाथ साकेत ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# सृजन फाउंडेशन सीधी ने किया 151 कन्याओं का पूजन एवं सामूहिक भंडारा

## नवरात्रि के सातवें दिन शहर के गायत्री मंदिर परिसर में किया आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 25 मार्च। नवरात्रि के पावन अवसर पर सृजन फाउंडेशन सीधी द्वारा एक सराहनीय सामाजिक एवं धार्मिक आयोजन किया गया। नवरात्रि के सातवें दिन शहर के गायत्री मंदिर परिसर में नीम के वृक्ष के नीचे 151 कन्याओं का विधिवत पूजन कर उन्हें सम्मानपूर्वक भोजन कराया गया।**





इस अवसर पर कन्याओं के सम्मान में आयोजित भोज में पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान रखते हुए पत्तल एवं दोने का उपयोग किया गया, जिससे प्लास्टिक मुक्त आयोजन का संदेश दिया गया एवं कुटीर उद्योग को भी बढ़ावा मिला। कन्या पूजन के उपरांत विशाल सामूहिक भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं नगरवासी शामिल हुए। कार्यक्रम में भक्ति एवं सेवा का भाव देखने को मिला। संस्था के संरक्षक डॉ.अनूप मिश्रा ने कहा कि कन्या भोज के माध्यम से हम आने वाली पीढ़ी को संस्कार और सम्मान की सीख दे रहे हैं। हमारा प्रयास है कि हर बेटी को समाज में समान आदर और अवसर मिले। संस्था के अध्यक्ष सुनील पाण्डेय ने बताया कि सृजन फाउंडेशन लगातार छोटे-छोटे प्रयासों के माध्यम से समाज हित में कार्य कर रहा है। पर्यावरण संरक्षण एवं युवाओं को तकनीकी कौशल प्रदान करने हेतु कई योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। कन्या भोज केवल एक परंपरा नहीं बल्कि नारी शक्ति के सम्मान का प्रतीक है। सृजन फाउंडेशन का यह आयोजन सामाजिक समरसता, सेवा भावना एवं पर्यावरण संरक्षण का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में संरक्षक डॉ .अनूप मिश्रा, प्रयोजक डॉ .बीना मिश्रा, अध्यक्ष सुनील पाण्डेय, प्रमोद द्विवेदी, शिखा पाण्डेय, काजल चतुर्वेदी, अंजली पाण्डेय, प्रांजल सिंह, गौरव पाण्डेय, आदित्य पाण्डेय, आकांक्षा सिंह सहित समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।